Patrika (Indore), 18th April 2024, Patrika Plus, Page – I

# हायर सेकंडरी के बाद सॉफ्टवेयर प्रोग्रामर भी कॅरियर का अवसर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इंदौर.** 12वीं पास ऐसे युवा जो सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना चाहते हैं उनके लिए 1 साल का खास प्रोग्राम तैयार है। आर्ट, कॉमर्स या कोई भी स्ट्रीम का स्टूडेंट यह कोर्स कर सकता है और वो भी निःशुल्क। आइआइटीआइ इंदौर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन, आइआइटी इंदौर ने युवाओं को तकनीकी स्तर पर योग्य और सफल बनाने के लिए इन्फोबींस फॉउन्डेशन के साथ एक वर्ष का करार किया है, जिसके तहत 250 से अधिक युवाओं को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ट्रेनिंग दी जाएगी। अविनाश सेठी, को-फाउंडर, इंफोबीन्स टेक्नोलॉजी ने बताया, यह 1 साल का प्रोग्राम हैं और शहर में इसके तीन सेंटर है। साल 2019 में सेंटर की शुरुआत हुई थी और अब तक 150 स्टूडेंट्स ने यह कोर्स किया है, जिसमें से 120 स्टूडेंट्स आज कई नामी कंपनी में काम कर रहे हैं। इनमें एवरेज पैकेज 2-4 लाख रुपए साल का हैं। आईआईटी इंदौर के सीईओ आदित्य व्यास और फिक्की फ्लो इंदौर चेयरपर्सन विभा जैन सेठी ने भी इस योजना के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।